दिनांक-17दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

अंडा चौक में आज से प्रारंभ हुआ मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय , अब तक वार्ड कार्यालय के माध्यम से 386 आवेदनों का किया जा चुका है निराकरण

भिलाईनगर/ भिलाई निगम क्षेत्र के निवासियों को आपके सरकार आपके दुआरी की परिकल्पना को साकार करने भिलाई निगम क्षेत्र के पांच स्थान वार्ड 17 वृंदानगर, वार्ड 9 कोहका, वार्ड 21 बैकुंठ धाम मंदिर के पास, वार्ड 28 मंगल बाजार सामुदायिक भवन तथा वार्ड 41 इूंडेरा आयुर्वेदिक अस्पताल के पास सामुदायिक भवन में मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय की स्थापना की गई है इसके अतिरिक्त भी मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय खोले जाने के लिए आयुक्त महोदय ने समस्त जोन आयुक्तों को स्थल की सूची प्रदान करने हेतु निर्देशित किया है। आज अंडा चौक स्थित भवन में मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय प्रारंभ करते हुए 3 आवेदन जोकि नाली सफाई, रोड सफाई एवं स्ट्रीट लाइट से संबंधित थे प्राप्त हुए जिसका निराकरण कर दिया गया! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने अंडा चौक स्थित वार्ड कार्यालय में लोगों की समस्याए सुनकर निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए एवं प्राप्त तीनों आवेदनों का निराकरण आज ही समय सीमा के भीतर कर दिया गया! प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को समय प्रातः 9:00 से दोपहर 1:00 बजे तक लगने वाले वार्ड क्रमांक 34 स्थित मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय मे चार अन्य वार्ड के नागरिक भी आवेदन कर सकते हैं जिसमें वार्ड 30, 31, 35 एवं 36 को भी सम्मिलित किया गया है!मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी , सहायक अभियंता, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी , राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक , सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर रहे हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी